# हर साल एक लाख युवाओं को मिलेगा रोज़गार

## 24 जनवरी को यूपी दिवस पर शुरू होगा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

प्रदेश के युवा अपना उद्यम शुरू कर दूसरे युवाओं को रोजगार मुहैया करवाएं, इसके लिए योगी सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत करने जा रही है। 24 जनवरी को यूपी दिवस के मौके पर प्रदेश के 25,000 लाभार्थियों को नया उद्यम शुरू करने के लिए लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। सरकार का लक्ष्य इस योजना के जरिए 10 साल में 10 लाख युवाओं को रोजगार मुहैया करवाना है। यानी हर साल एक लाख युवाओं को रोजगार के अवसर इस योजना के जरिए मिलेंगे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवाओं को उद्यम लगाने के लिए ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा। योजना से संबंधित जानकारी वेबसाइट msme.up.gov.in पर उपलब्ध है और उद्योग शुरू करने के लिए 400 परियोजना रिपोर्ट और लगभग 600 बिजनेस आइडिया भी विभिन्न फॉर्मेट में दिए गए हैं। विभिन्न परियोजनाओं की स्थापना और संचालन के बारे में विडियो व एक्सपर्ट का गाइडेंस भी उपलब्ध है। विभाग की ओर से योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि सीएम योगी की परिकल्पना के अनुसार यह योजना प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होने जा रही है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने में यह योजना बड़ी भूमिका निभाएगी।

**10 साल में 10 लाख युवाओं को बनाया जाएगा उद्यमी, मिलेगा ब्याज मुक्त लोन**

**ऐसे मिलेगा योजना का लाभ :** अभियान के तहत कौशल प्रशिक्षित, न्यूनतम कक्षा 8 पास, 21 से 40 वर्ष तक के युवाओं को बिना ब्याज, बिना गारंटी लोन के लिए msme.up.gov.in पर आवेदन करना होगा। इन आवेदनों को बैंकों को ऑनलाइन लोन स्वीकृत करने और वितरित करने के लिए भेजा जाएगा। बैंक लोन ऑनलाइन ही जारी करेंगे। लाभार्थी को हर स्तर पर एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाएगा।


AI Image

NBT Lens
समझिए खबरों के अंदर की बात

### क्यों रोज़गार बढ़ाने पर जोर?

दरअसल, 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों में रोजगार एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। यही वजह है कि सरकार ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार मुहैया करवाने की योजना बना रही है। नया उद्यम शुरू होने से एक तरफ जहां कैश डिपॉजिट रेश्यो में सुधार होगा, वहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिलेगी। यही वजह है कि सरकार ओडीओपी योजना की तरह मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत 24 जनवरी यानी यूपी के स्थापना दिवस पर करने जा रही है। इससे पहले ओडीओपी योजना भी 24 जनवरी को शुरू की गई थी।